# शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली

## मध्यावधि परीक्षा अभ्यास प्रश्न-पत्र

## सत्र: 2025-26

## कक्षा - ग्यारहवीं

## समाजशास्त्र ( कोड : 039 )

**अवधि: 3 घंटे** **अधिकतम अंक: 80**

**सामान्य निर्देश :**

**1. प्रश्न पत्र को चार खंडों में बांटा गया है।**

**2. कुल 35 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**

**3. खंड क में प्रश्न संख्या 1-16 है । ये बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रश्न के अनुसार, एक उत्तर हो सकता है।**

**4. खंड ख में प्रश्न संख्या 17-25 है । ये बहुत ही लघु उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं जिनमें प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 30 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।**

**5. खंड ग में प्रश्न संख्या 26-32 है। ये लघु उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं जिनमें प्रत्येक प्रश्न 4 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 80 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।**

**6. खंड घ में प्रश्न संख्या 33- 35 है । ये दीर्घ उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं जिनमें प्रत्येक प्रश्न 6 अंक का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 200 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।**

| | खंड क | |
|---|---|---|
| 1 | निम्नलिखित प्रश्न में, एक कथन “अभिकथन(A)” के रूप में दिया गया है , जिसके बाद एक दूसरा कथन “कारण (R)” के रूप में दिया गया है । नीचे दिये गए विकल्पों में से उचित उत्तर चुनें :<br><br>अभिकथन(A) : समाजशास्त्र में समाज का विधिवत अध्ययन किया जाता है।<br><br>कारण (R) : यह अध्ययन दार्शनिक और धार्मिक अनुचिंतन एवं साथ ही समाज के रोजमर्रा के सामान्य प्रेक्षण से एकदम अलग है।<br><br>(क) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या है।<br>(ख) A और R दोनों सत्य हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।<br>(ग) A सत्य है लेकिन R असत्य है।<br>(घ) A असत्य है और R सत्य है। | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | | |
| 2 | **निम्नलिखित प्रश्न में, एक कथन "अभिकथन(A)" के रूप में दिया गया है , जिसके बाद एक दूसरा कथन "कारण (R)" के रूप में दिया गया है । नीचे दिये गए विकल्पों में से उचित उत्तर चुनें :**<br><br>**अभिकथन(A) : प्रदत्त प्रस्थिति एक सामाजिक स्थिति है ,जो एक व्यक्ति जन्म से अथवा अनैच्छिक रूप से ग्रहण करता है ।**<br>**कारण (R) : प्रदत्त प्रस्थिति का सामान्य आधार आयु ,जाति,प्रजाति और नातेदारी है ।**<br>**(क) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या है।**<br>**(ख) A और R दोनों सत्य हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।**<br>**(ग) A सत्य है लेकिन R असत्य है।**<br>**(घ) A असत्य है और R सत्य है।** | 1 |
| 3 | **विषय के इतिहास को समझने से -**<br>**I विषय को समझने में सहायता मिलती है।**<br>**II विषय को समझने में सहायता नहीं मिलती है।**<br>**III विषय को समझने में दुविधा होती है।**<br>**IV विषय समझना कठिन होता है।**<br>**(क) केवल I**<br>**(ख) केवल II**<br>**(ग) केवल III**<br>**(घ) I,II,III,IV** | 1 |
| 4 | **समाजशास्त्र के विषय में क्या सही है ?**<br>**(क) समाजशास्त्र इतिहास का अध्ययन करता है ।**<br>**(ख) समाजशास्त्र समाज का अध्ययन करता है ।**<br>**(ग) समाजशास्त्र वस्तुओं और सेवाओं के उत्पादन का अध्ययन करता है।**<br>**(घ) एमिल दुर्खीम को समाजशास्त्र का पिता कहा जाता है ।** | 1 |
| 5 | **ज्ञानोदय, के विषय में इनमें से क्या सही नहीं है ?**<br>**(क) एक यूरोपीय बौद्धिक आंदोलन**<br>**(ख) यह सत्रहवीं शताब्दी के अंतिम वर्षों एवं अट्ठारहवीं शताब्दी में चला**<br>**(ग) यह कारण और व्यक्तिवाद पर बल देता है**<br>**(घ) यह पूर्वकल्पित विचार है** | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| 6 | किसी क्रिया को विचलन क्यों कहा जाता है ? क्योंकि<br><br>(क) वह क्रिया समाज या समूह के अधिकतर सदस्यों के मूल्यों और आदर्शों के अनुसार होती है।<br>(ख) वह क्रिया समाज या समूह के अधिकतर सदस्यों के मूल्यों और आदर्शों के अनुसार नहीं होती है ।<br>(ग) वह क्रिया सभी लोगों द्‌वारा स्वीकार की जाती है।<br>(घ) वह क्रिया कानून द्‌वारा मान्य होती है। | 1 |
| 7 | कालेज एक औपचारिक संस्था है क्योंकि -<br><br>(क) वहाँ शिक्षा अनौपचारिक तरीकों से दी जाती है।<br>(ख) वहाँ निश्चित नियम, पाठ्‌यक्रम और समय-सारणी होती है।<br>(ग) वहाँ पारिवारिक वातावरण में शिक्षा दी जाती है।<br>(घ) वहाँ केवल खेलकूद की गतिविधियाँ होती हैं। | 1 |
| 8 | पहचान विरासत में क्यों नहीं मिलती, बल्कि व्यक्ति तथा समाज के अन्य व्यक्तियों के साथ संबंधों से क्यों प्राप्त होती है? क्योंकि<br><br>(क) पहचान केवल जैविक गुणों से निर्धारित होती है।<br>(ख) पहचान सामाजिक संबंधों और अंतःक्रियाओं से निर्मित होती है।<br>(ग) पहचान जन्म से ही स्थायी रूप से तय होती है।<br>(घ) पहचान केवल पारिवारिक नाम से मिलती है। | 1 |
| 9 | शारीरिक बल प्रयोग को सामाजिक नियंत्रण का अंतिम और निःसंदेह प्राचीनतम साधन क्यों माना जाता है ? क्योंकि-<br><br>(क) यह समाज में अनुशासन बनाए रखने का सबसे नया तरीका है।<br>(ख) यह सामाजिक नियंत्रण का अंतिम और निःसंदेह प्राचीनतम साधन है।<br>(ग) यह केवल आधुनिक समाज में उपयोग किया जाता है।<br>(घ) यह लोगों को स्वेच्छा से नियम मानने के लिए प्रेरित करता है। | 1 |
| 10 | निम्नलिखित प्रश्न में, एक कथन “अभिकथन(A)” के रूप में दिया गया है , जिसके बाद एक दूसरा कथन “कारण (R)” के रूप में दिया गया है । नीचे दिये गए विकल्पों में से उचित उत्तर चुनें :<br><br>अभिकथन(A) : राजनीतिक संस्थाओं का सरोकार समाज में शक्ति के बँटवारे से होता है।<br>कारण (R) : शक्ति का अर्थ है व्यक्तियों या समूहों द्‌वारा दूसरों के विरोध करने के बावजूद अपनी इच्छा पूरी करने की योग्यता।<br>(क) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या है।<br>(ख) A और R दोनों सत्य हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।<br>(ग) A सत्य है लेकिन R असत्य है।<br>(घ) A असत्य है और R सत्य है। | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | | |
| 11 | दिए गए गद्यांश को पढ़ें<br>परिवार प्रत्यक्ष नातेदारी संबंधों से जुड़े व्यक्तियों का एक समूह है जिसके बड़े सदस्य बच्चों के पालन-पोषण का दायित्व लेते हैं। नातेदारी बंधन व्यक्तियों के बीच के वे सूत्र होते हैं जो या तो विवाह के माध्यम से या वंश परंपरा के माध्यम से रक्त संबंधियों ( माता-पिता, बहन-भाई, संतान आदि ) को जोड़ते हैं ।<br>दिए गए गद्यांश के आधार पर, प्रश्न 11 और प्रश्न 12 का उत्तर दें<br>परिवार और नातेदारी समाज में क्यों महत्त्वपूर्ण हैं ?<br>(क) ये केवल आर्थिक लेन-देन तक सीमित है।<br>(ख) ये बच्चों के पालन-पोषण और समाजीकरण को आधार प्रदान करते है।<br>(ग) ये केवल राजनीतिक शक्ति का स्रोत है।<br>(घ) इनका संबंध केवल मनोरंजन से है। | 1 |
| 12 | निम्न में से कौन-सा कथन परिवार और नातेदारी की विशेषताओं में शामिल नहीं है?<br>(क) परिवार प्रत्यक्ष नातेदारी संबंधों से जुड़ा समूह है।<br>(ख) परिवार के बड़े सदस्य बच्चों के पालन-पोषण का दायित्व निभाते हैं।<br>(ग) नातेदारी बंधन विवाह या वंश परंपरा से बनते हैं।<br>(घ) नातेदारी बंधन केवल मित्रता पर आधारित होते हैं। | 1 |
| 13 | दिए गए गद्यांश को पढ़ें<br>समकालीन विश्व हमें अत्यधिक रूप से लिखित श्रव्य एवं दृश्य रिकार्ड पर विश्वास करने की छूट देता है, तथापि भारतीय शास्त्रीय संगीत के विद्यार्थियों को अभी भी उनके द्वारा प्राप्त ज्ञान को याद रखने के लिए कहा जाता है और इसे लिखने के लिए हतोत्साहित किया जाता है। हमें अभी भी इलैक्ट्रॉनिक साधनों, बहुविध माध्यमों, मोबाइल तथा इंटरनेट के प्रभावों की पूरी जानकारी नहीं है।<br>दिए गए गद्यांश के आधार पर प्रश्न 13 और प्रश्न 14 का उत्तर दीजिए।<br>निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य नहीं है?<br>(क) समकालीन विश्व लिखित, श्रव्य और दृश्य रिकॉर्ड पर विश्वास करता है।<br>(ख) भारतीय शास्त्रीय संगीत के विद्यार्थियों को सीखी हुई बातों को लिखने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।<br>(ग) मोबाइल और इंटरनेट के प्रभावों की पूरी जानकारी अभी तक नहीं है।<br>(घ) विद्यार्थियों को प्राप्त ज्ञान को याद रखने के लिए कहा जाता है। | 1 |
| 14 | इलेक्ट्रॉनिक साधनों और इंटरनेट के बढ़ते प्रयोग से शिक्षा पर क्या प्रभाव पड़ सकता है?<br>(क) विद्यार्थी केवल लिखित नोट्स पर निर्भर हो जाएंगे।<br>(ख) मौखिक परंपराएँ और स्मरण शक्ति कमज़ोर हो सकती हैं। | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | (ग) पारंपरिक ज्ञान प्रणालियाँ और अधिक मज़बूत होंगी।<br>(घ) शिक्षा पूरी तरह समाप्त हो जाएगी। | |
| 15 | अंतःसमूह में कैसी भावना होती है -<br><br>(क ) दूरी की भावना<br>(ख ) हम की भावना<br>(ग ) द्वेष की भावना<br>(घ ) खेल की भावना | 1 |
| 16 | निम्नलिखित प्रश्न में, एक कथन "अभिकथन(A)" के रूप में दिया गया है , जिसके बाद एक दूसरा कथन "कारण (R)" के रूप में दिया गया है । नीचे दिये गए विकल्पों में से उचित उत्तर चुनें :<br><br>अभिकथन(A) : सांस्कृतिक परिवर्तन वह तरीका है जिसके द्वारा समाज अपनी संस्कृति के प्रतिमानों को बदलता है।<br>कारण (R) : परिवर्तन के लिए प्रेरणा आंतरिक या बाहरी हो सकती है।<br><br>(क) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या है।<br>(ख) A और R दोनों सत्य हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।<br>(ग) A सत्य है लेकिन R असत्य है।<br>(घ) A असत्य है और R सत्य है। | 1 |
| | **खंड ख** | |
| 17 | विवाह को दो वयस्क ( पुरुष एवं स्त्री ) व्यक्तियों के बीच लैंगिक संबंधों की सामाजिक स्वीकृति और अनुमोदन के रूप में भी परिभाषित किया जा सकता है । जब दो व्यक्तियों का विवाह हो जाता है तो वे परस्पर नातेदार बन जाते हैं। इस प्रकार वैवाहिक बंधन भी व्यापक क्षेत्र में लोगों को जोड़ते हैं ।<br><br>विवाह को परिभाषित कीजिए और स्पष्ट कीजिए कि यह किस प्रकार नातेदारी संबंधों का विस्तार करता है ? | 2 |
| 18 | कानून सरकार द्वारा नियम या सिद्धांत के रूप में परिभाषित औपचारिक स्वीकृति है जिसका पालन नागरिकों को अवश्य करना चाहिए। कानून स्पष्ट होते हैं। यदि आपके घर में बच्चों को सूर्यास्त के बाद घर से बाहर रहने की अनुमति नहीं है तो यह एक मानक है। यह केवल आपके परिवार के लिए है तथा सभी परिवारों पर लागू नहीं हो सकता।<br>क्या आप सहमत हैं कि कानून मानकों से भिन्न होते हैं ? अपने उत्तर का समर्थन करने के लिए कारण दीजिए। | 2 |
| | **अथवा** | |
| | मानदंड अस्पष्ट नियम हैं जबकि कानून स्पष्ट नियम हैं।<br><br>क्या यह कथन सही है? अपने उत्तर के लिए कारण दीजिए। | |
| 19 | समाजशास्त्र समाज में संगठित व्यवहार को समझने का प्रयास करता रहता है। यही वह तरीका है जिससे समाज के विभिन्न पक्षों द्वारा व्यक्तित्व को आकार मिलता है । | 2 |

| | | |
|---|---|---|
| | **क्या यह कथन सही है ? अपने उत्तर के लिए कारण भी लिखिए ।** | |
| **20** | **कुछ सामाजिक भूमिकाओं और परिस्थितियों को स्थिर और अपरिवर्तनीय क्यों माना जाता है? कारण बताइए।** | **2** |
| **21** | **किसी भी समूह के लोगों के लिए हमेशा ऐसे दूसरे समूह होते हैं जिनको वे अपने आदर्श की तरह देखते हैं और उनके जैसे बनना चाहते हैं।**<br><br>**अपने शब्दों में समझाइए कि संदर्भ समूह से क्या अभिप्राय है। उदाहरण सहित अपने उत्तर का समर्थन करें।** | **2** |
| **22** | **प्राथमिक समूह की दो विशेषताएँ बताए ।** | **2** |
| | **अथवा** | |
| | **औपचारिक नियंत्रण से आप क्या समझते हैं ,उदाहरण दे कर समझाए ?** | |
| **23** | **भूमिका प्रस्थिति का सक्रिय या व्यवहारात्मक पक्ष है। प्रस्थितियाँ ग्रहण की जाती हैं, एवं भूमिकाएँ निभाई जाती हैं।**<br><br>**सिद्ध कीजिए कि प्रस्थिति एक संस्थागत भूमिका है।** | **2** |
| **24** | **एक आधुनिक समाज सांस्कृतिक विभिन्नता का प्रशंसक होता है तथा बाहर से पड़ने वाले सांस्कृतिक प्रभावों के लिए अपने दरवाजे बंद नहीं करता।**<br><br>**यदि एक आधुनिक समाज पूरी तरह से सांस्कृतिक विविधता को अपनाता है और बाहरी सांस्कृतिक प्रभावों के लिए अपने दरवाजे बंद नहीं करता, तो क्या होगा?** | **2** |
| **25** | **आज सार्वभौमिक विश्व में, जहाँ संचार के आधुनिक साधनों से संस्कृतियों के बीच अंतर कम हो रहे हैं, एक विश्व्यापी पर्यवेक्षण प्रत्येक व्यक्ति को अपनी संस्कृति को विभिन्न प्रभावों द्वारा सशक्त करने की स्वतंत्रता देता है।**<br><br>**उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए कि आधुनिक संचार साधन समकालीन वैश्वीकरण के युग में व्यक्तियों को विभिन्न प्रभावों के माध्यम से अपनी संस्कृति को सशक्त बनाने की कैसे अनुमति देते हैं ?** | **2** |
| | **खंड ग** | |
| **26** | **मानव व्यवहार में क्या नैतिक है और क्या अनैतिक, रहन-सहन के वांछित तरीकों एवं एक अच्छे समाज के बारे में दार्शनिक तथा धार्मिक विचारक अकसर निरीक्षण करते रहते हैं ।**<br><br>**दार्शनिक और धार्मिक विचारकों के निरंतर निरीक्षण का समाज और मानव व्यवहार पर क्या प्रभाव पड़ता है? कोई दो प्रभाव बताए ।** | **4** |
| **27** | **"सामाजिक स्तरीकरण समाज में समूहों के बीच संरचनात्मक असमानताओं को दर्शाता है।" इस कथन को उचित ठहराइए ।** | **4** |

| | | |
|---|---|---|
| 28 | उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए कि समाजशास्त्रीय अध्ययन का विषय क्षेत्र काफ़ी व्यापक है। | 4 |
| 29 | आधुनिक वर्ग व्यवस्था को खुली और उपलब्धि पर आधारित क्यों कहा जाता है? कारण बताइए। | 4 |
| 30 | राज्य वहाँ विद्यमान होता है जहाँ सरकार का एक राजनीतिक तंत्र एक निश्चित क्षेत्र पर शासन करता है। सरकार की सत्ता एक वैध व्यवस्था से समर्थित होती है और जो अपनी नीतियों को लागू करने के लिए सैन्य शक्ति के उपयोग की क्षमता रखती है।<br><br>उदाहरणों की सहायता से प्रदर्शित कीजिए कि राज्य किस प्रकार एक निश्चित क्षेत्र पर शासन करता है और सरकार की सत्ता वैध व्यवस्था तथा सैन्य शक्ति के सहारे अपनी नीतियों को लागू करती है ? | 4 |
| 31 | अनेक प्रकार के कार्य सवेतन रोज़गार के विचार की पुष्टि नहीं करते।<br><br>इस कथन के लिए उपयुक्त उदाहरणों सहित कारण बताइये ? | 4 |
| | अथवा | |
| | “समाजशास्त्र और सामाजिक मानवविज्ञान ने कई दशकों तक विभिन्न संस्कृतियों में यह दर्शाने के लिए क्षेत्रीय अनुसंधान किए कि कैसे विभिन्न समाजों में भिन्न-भिन्न स्वरूप होते हुए भी परिवार, विवाह और नातेदारी संस्थाएँ सभी समाजों में महत्त्वपूर्ण हैं।“ इस कथन को उचित ठहराइए । | |
| 32 | कथन का समर्थन कीजिए: “सबसे अधिक पारंपरिक समाजों में जिस परिवार में व्यक्ति जन्म लेता है, वही उसके पूरे जीवन की सामाजिक स्थिति को निर्धारित करता है।” | 4 |
| | खंड घ | |
| 33 | गदयांश के आधार पर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए<br><br>एक व्यक्ति एक गाँव में रहता है या शहर में या वह किसी जनजाति से संबंधित है और यदि जनजाति से संबंधित है तो किस जनजाति से, इस सबके अनुसार एक समाज में विभिन्न जातियों, क्षेत्रों या सामाजिक वर्गों या धार्मिक समूहों से संबंधित विभिन्न परिवारो में मानदंड तथा मूल्य अलग-अलग हो सकते हैं।<br><br>(क) मानदंड किस प्रकार हमारे जीवन को प्रभावित करते है ? क्या मानदंड तय करने जरूरी हैं ?<br>(ख) एक ही समाज में विभिन्न परिवारों में मानदंड और मूल्य क्यों भिन्न होते हैं? | <br><br><br><br><br>4<br>2 |
| 34 | पितृवंशीय व्यवस्था में उत्तराधिकार और वंशानुक्रम की रेखा पिता से पुत्र को जाती है, जिसके कारण महिलाओं को संपत्ति में अधिकार कम मिलता है । कारगिल युद्ध के बाद भारतीय सरकार द्वारा शहीद सैनिकों की क्षतिपूर्ति राशि उनकी विधवाओं को देने के निर्णय के सामाजिक महत्व पर चर्चा कीजिए। | 6 |
| 35 | परिवार किस तरह से लिंगवादी होता है ?  उदाहरणों सहित चर्चा कीजिए कि परिवार में भूमिकाएँ और दायित्व किस प्रकार लिंग के आधार पर बाँटे जाते हैं। | 6 |